# सेंट सिसीलियास पब्लिक स्कूल
# हिन्दी सुलेख प्रतियोगिता-रिपोर्ट
**5 मई , 2025**

दिनांक 5 मई को विद्यालय में तीसरी से पाँचवी कक्षा तक हिन्दी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य सभी विद्यार्थियों को सुलेख लिखने के लिए प्रेरित करना था ।विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता के लिए पहले से ही सूचित कर दिया गया था। उन्हें बताया गया था कि वर्णों की बनावट पर विशेष ध्यान दें। विद्यार्थियों ने बताए गए निर्देशों का पालन करते हुए उत्साहपूर्वक प्रतियोगिता में भाग लिया।